# न्यायालय श्री सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

पीठासीन अधिकारीः—श्री रतनलाल रेगर आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः— 571 / 2019

**प्रार्थीः—** नारायणराम पुत्र श्री लाभूराम, जाति सुथार, निवासी शिवनगर भाखरी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर

**बनाम**

**अप्रार्थीगण**

1. पुरादेवी पत्नी श्री रामूराम
2. मोडाराम पुत्र श्री भगवानाराम
3. दाखु पत्नी श्री लाबुराम
4. खियाराम पुत्र लाबुराम
5. मीसुराम पुत्र श्री लाबुराम
6. तेजाराम पुत्र श्री लाबुराम
7. सुखाराम पुत्र श्री लाबुराम
   सभी जाति सुथार निवासी शिवनगर भाखरी
   तहसील ओसियां, जिला जोधपुर।
8. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार ओसियां, जिला जोधपुर।

उपस्थित—
**प्रार्थी की ओर से :—** अधिवक्ता श्री धन्नाराम बिश्नोई।
**अप्रार्थी संख्या 1 से 7:—** एकपक्षीय कार्यवाही।
**अप्रार्थी संख्या 8 की ओर से :—** सरकारी पैरोकार।

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम**

**—::निर्णय::—**

**दिनांकः—24.02.2020**

प्रार्थी द्वारा एक राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है किः— प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण की गांव शिवनगर पटवार हल्का भेड़ तहसील ओसियां की सीमा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 35 रकबा 15 बिस्वा गै.मु. ढाणी व खसरा नम्बर 36 रकबा 192 बीघा 14 बिस्वा व ग्राम हनुमाननगर पटवार हल्का भेड़ के खसरा नम्बर 875 रकबा 59 बीघा 11 बिस्वा भूमि सह खातेदारी की आई हुई हैं। जिसमें प्रार्थी का चालु जमाबन्दी

Scanned by CamScanner

में नाम नरूराम पुत्र श्री लाबूराम दर्ज हैं। उक्त भूमि प्रार्थी को स्व. पिता लाभूराम से प्राप्त पैतृक भूमि है तथा प्रार्थी के पिता का देहान्त होने के पश्चात् फौतेदगी नामान्तरकरण हमारे नाम से ग्राम हनुमाननगर के खसरा नम्बर 875 में नामान्तरकरण संख्या 667 दर्ज किया गया तथा शिवनगर के खसरा नम्बर 35 व 36 में फौतेदगी नामान्तरकरण संख्या 214 पारित किया गया। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश नरूराम पुत्र लाबूराम दर्ज कर दिया। जो वर्तमान में उसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में दर्ज हैं। जबकि प्रार्थी के अन्य दस्तावेज पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि में प्रार्थी का नाम नारायणराम पुत्र लाभूराम दर्ज है तथा अप्रार्थी संख्या 3 से 7 के पिता व पति का नाम तथा खसरा नम्बर 875 ग्राम हनुमाननगर (भेड़) के राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी चौसाला संवत् 2015 से 2018 तक में भी लाभू पि. लालू दर्ज है तथा शिवनगर के खसरा नम्बर 35 व 36 में लाबू पि. लालू दर्ज है। राजस्व रेकर्ड में नाम त्रुटि को लेकर प्रार्थी को भयंकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं जिस वजह से प्रार्थी की भूमि सुधार कार्य करने बाबत् तमाम कार्य रूके हुए पड़े हैं। प्रार्थी का नाम राजस्व रेकर्ड में सुधारा जाकर नारायणराम पुत्र लाभूराम दर्ज किया जावे तथा अप्रार्थी संख्या 3 से 7 तक के पति व पिता का नाम लाबू के स्थान पर लाभू दर्ज किया जाता हैं तो अप्रार्थी संख्या 3 से 7 को कोई आपत्ति नहीं हैं। मौके पर भी उक्त भूमि में अपने हिस्से अनुसार प्रार्थी व अप्रार्थीगण का कब्जा व काश्त चला आ रहा हैं। अतः श्रीमान् से निवेदन हैं कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी व अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी व कब्जा सुदा भूमि गांव शिवनगर पटवार हल्का भेड़ तहसील ओसियां की सीमा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 35 रकबा 15 बिस्वा गै.मु. ढाणी व खसरा नम्बर 36 रकबा 192 बीघा 14 बिस्वा व ग्राम हनुमाननगर पटवार हल्का भेड़ के खसरा नम्बर 875 रकबा 59 बीघा 11 बिस्वा भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम नरूराम पि. लाबूराम दर्ज है जिसके स्थान पर नारायणराम पि. लाभूराम दर्ज किया जावें तथा अप्रार्थी संख्या 3 से 7 तक के पति व पिता का नाम लाबू के स्थान पर लाभू दर्ज किया जाकर राजस्व रेकर्ड दुरस्त किये जाने का आदेश सादिर फरमाया जावें। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नारायणराम पुत्र लाभूराम व अप्रार्थी संख्या 3 से 7 के पति व पिता का नाम लाबू के स्थान लाभू शुद्ध नाम अमल दरामद करवाया जावें।

यह है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थी संख्या 1 से 7 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई तथा अप्रार्थी संख्या 8 की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया जिसमें राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम नरूराम

सहायक कलेक्टर ओसियां

Scanned by CamScanner

पि. लाबूराम के स्थान सही नाम नारायणराम पि. लाभुराम दर्ज किये जाने की अनुशंषा की।

यह है कि पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, बहस पर मनन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

**—::आदेश::—**

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी भूमि ग्राम शिवनगर पटवार हल्का भेड़, तहसील ओसियां के खसरा नम्बर 35 रकबा 15 बिस्वा गै.मु. ढाणी, खसरा नम्बर 36 रकबा 192 बीघा 14 बिस्वा व ग्राम हनुमाननगर पटवार हल्का भेड़ के खसरा नम्बर 875 रकबा 59 बीघा 11 बिस्वा के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम नरूराम पि. लाबूराम के स्थान नारायणराम पि. लाभुराम दर्ज किये जाने तथा प्रार्थी के भाईयों व माता के नाम के आगे पिता व पति का नाम लाबूराम के स्थान पर लाभुराम दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। पालना हेतु तहसीलदार ओसियां को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

आज दिनांक 24.02.2020 को खुला न्यायालय में आदेश सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

Scanned by CamScanner